

# प्रसूता को लेने गई एम्बुलेंस कीचड़ में फंसी

## महिला को निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल, मूलभूत सुविधाओं से बंचित गरीबरथ वासी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। देहात थाना क्षेत्र की गरीब रथ कॉलोनी में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गर्भवती महिला को लेने आई 108 एम्बुलेंस कॉलोनी कीचड़ में फंस गई।** जिसे घंटो की मशक्कत के बाद निकाला गया, तो वहीं प्रसूता को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। तो हीं एम्बुलेंस फसने की सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अमले के सामने लोगों अपनी पीड़ा बताते हुए कोई समाधान न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

दरअसल रविवार सुबह प्रसूता वंदना यादव को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद परिजनों द्वारा 108 एम्बुलेंस को कॉल किया, वहीं कॉल मिलने के बाद एंबुलेंस पहुंची भी लेकिन कॉलोनी में रास्ता न होने की बजह गड्ढों और कीचड़ के कारण एम्बुलेंस बीच रास्ते में ही धंस गई। एम्बुलेंस के कीचड़ में फंसने के कारण परिजनों ने आनन-फानन में गर्भवती महिला को एक निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पर सरपंच मौके पर ट्रैक्टर लेकर पहुंचे, जिसकी मदद से कीचड़ में फंसी एम्बुलेंस को बाहर निकाला गया। वहीं मौके पर पहुंचे तहसीलदार भारतेंदु यादव, देहात थाना पुलिस और पटवारी ने हालात का जायज़ा लिया।



**मूलभूत सुविधाओं को लेकर जताई नाराजगी:**

शहर की समीपस्थ स्थित गरीब रथ कालोनी में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं से बंचित है, जिसके चलते जहां गर्मी में पीने के पानी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। तो वहीं बिजली की आपूर्ति के लिए भी कालोनी के लोगों ने ज्ञापन सौपे। तो वहीं मूलभूत सुविधाओं को लेकर विदिशा रोड़ पर चक्काजाम किया गया था। जहां पर प्रशासनिक अमले ने पहुंचकर लोगों की सुविधाएं किए जाने की बात कहीं गई, लेकिन महीनो बीतने के बाद जब कोई सुविधा नहीं मिली, तो एक बार फिर एंबुलेंस फसंने के बाद रहवासियों द्वारा विरोध जताते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए चक्काजाम की चेतावनी दी।

### कालोनाईजर के झूठे वादों में फंसे लोग

गरीब रथ कालोनी के रहवासियों ने बताया कि कालोनी में अधिकतर मजबूर वर्ग के लोग रहते है, जिन्होंने अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई से इस कालोनी में प्लांट खरीदे थे, जहां प्लाट खरीदने के दौरान कॉलोनाइजर द्वारा सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाए देने की बात कहीं थी, लेकिन प्लाट बिकने के बाद कालोनाइजर द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो वहीं मकान बनाकर रह रहे लोगों को इन्ही मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि कालोनाईजर ने जो वादे किये वह नहीं निभाये, जिसके कारण उन्हें आये दिन परेशानी उठानी पड़ती है। तो वहीं मौके पर पहुंचे तहसीलदार भारतेंदु यादव ने रहवासियों को आश्वासन दिया कि आगामी 15 दिवस में बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं दिलाई जाएगी।

# सड़क हादसे में कावड़िये ने तोड़ा दम

**उज्जैन से लौट रहा था कावड़िया**

**करीला के पास हुआ हादसा, देर से पहुंची एंबुलेंस**



नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** थानाक्षेत्र के करीलाधाम के पास शनिवार को एक अज्ञात मोटरसाईकिल की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। युवक कांवड़ लेकर आया था। युवक की मौत का एक कारण उसे देर से चिकित्सकीय सहायता मिलना भी रहा। क्योंकि करीला में प्राथमिक उपचार की कोई सुविधा है नहीं और निकटतम गांव विदिशा जिले के बामौरीशाला में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है। ऐसे में युवक के साथी ने 108 पर फोन किया। यह वाहन भी 6 घंटे की देरी से मौके पर पहुंचा, तब तक युवक का काफी खून बह चुका था।

दरअसल, मुंगावली कस्बे के कई युवक कुछ दिनों पहले उज्जैन गए हुए थे, जिन्होंने उज्जैन की क्षिप्रा नदी से कांवड़ भरीं और वापिस लौट रहे थे। उज्जैन से कांवड़ियों का यह शुक्रवार को जिले की सीमा में प्रवेश कर गया। शुक्रवार रात्रि करीला के मां जानकी मंदिर में रुकने के बाद कांवड़िया बंगला चैराहा-बहादुरपुर के रास्ते मुंगावली की ओर षनिवार को रवाना हो गए किंतु लाखन यादव उम्र 45 वर्ष निवासी कुषवाह मोहल्ला मुंगावली नामक कांवड़िया अपने साथी बब्लू कुशवाह के साथ करीला में ही रुक गया था। लाखन ने करीला से मुंगावली के लिए शनिवार को रवानगी डाली किंतु कुछ ही दूरी पर चलने के बाद बामौरीशाला के निकट अज्ञात मोटरसाईकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी। घायल लाखन को चिकित्सकीय सहायता भी देरी से मिली। उसके साथी बब्लू ने बताया कि करीब 6 घंटे देरी से 108 एंबुलेंस पहुंची। इसके बाद लाखन को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद कांवड़ियों में शोक व्याप्त हो गया। रविवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों ने बताया कि मोटरसाईकिल चालक घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया था।

## एक नजर में




### ग्राहक पंचायत की मासिक बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की मासिक बैठक सरस्वती स्कूल में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। बैठक में अनिल श्रीवास्तव ने ग्राहक पंचायत के उद्देश्य और कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक ग्राहक रहता है, अत: उसके अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि कोई भी ग्राहक ठगी का शिकार न बने। मध्य भारत प्रांत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ ने साइबर क्राइम और पर्यावरण संरक्षण के विषय में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आजकल ऑनलाइन माध्यम से ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। बैठक में ग्राहक की समस्याओं को सामंजस्य, समानता और संवाद के माध्यम से हल करने की बात भी कही गई। इस दौरान चंद्रमोहन सोनी को जिला सह संयोजक और राजेन्द्र सिंह बरखेड़ा को मीडिया जिला संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में जिला संयोजक राजेंद्र सिंह गरेठी, बसंत कुमार जैन,रणबीर विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा,रिति रमन,घनश्याम परमार,सियाराम सिंह,आकाश चंदेल,गजम यादव सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### शिशु हृदय रोग शिविर कल

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों जिसमे हृदय से संबंधित बीमारियों का इलाज देश के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सुप्रितम सेन द्वारा किया जाएगा। आरबीएस के मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चो जिनमें की हृदय से संबंधित बीमारियों की जांच देश के प्रसिद्ध चिकित्सालय नारायण हृदयालय मुंबई के सहयोग से किया जाकर उपचार एवं फॉलोअप भी किया जाएगा। जिले में 46 बच्चो को शिविर हेतु चिन्हित कर लिया गया है। शिविर में अशोकनगर के अलावा आसपास के अन्य जिले गुना , विदिशा, राजगढ़ के भी मरीज उपचार हेतु शिविर में आ रहे हैं साथ ही लगातार ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक बच्चों की जांच की जा कर उपचार किया जा सके।

### त्रिवेणी से निकली कावड़ यात्रा, सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर में किया जलाभिषेक

**अशोकनगर।** तूमैन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की धार्मिक इकाई द्वारा त्रिवेणी संगम से पवित्र जल भरकर भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। यह कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दुबे कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। कावड़ यात्रा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस संबंध धार्मिक यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं सहित कुल 101 कावड़ यात्रियों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान बम बम भोले, हर हर महादेव के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में कंधे पर कावड़ लिए चलते रहे और जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर धार्मिक उत्साह और शिवभक्ति की अलौकिक छटा देखने को मिली। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन व समिति द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### श्री हनुमान टेकरी में सीढ़ी निर्माण की रखी आधारशिला

**शाढ़ौरा।** आस्था और विश्वास के प्रमुख केंद्र श्री हनुमान टेकरी धाम में सीढ़ी निर्माण कार्य की आधारशिला का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने आधारशिला रखी। लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सीढ़ी का निर्माण विशेष निधि मद के माध्यम से किया जा रहा है। टेकरी धाम पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह सीढ़ी निर्माण कार्य श्रद्धालुओं के लिए मंदिर तक पहुंच को और सुगम बनाएगा, जिससे इस सिद्ध स्थल की महत्ता और बढ़ेगी।

### जिले के 778 बूथों पर सुनी मन की बात

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में जिले के सभी 778 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया अशोकनगर शहर मंडल के बूथ क्रमांक 104 पर पूर्व मंडल अध्यक्ष के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

# सवर्ण समाज आरक्षण की मांग को लेकर देशभर में जुटायेगा समर्थन : रघुवंशी

**अशोकनगर के ज्ञापन से होगी शुरूआत**

**सामान्य वर्ग की बैठक में लिया गया निर्णय**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आरक्षण पद्धति के चलते अच्छे अंक वाले बच्चे पीछे रह जाते है और कम अंक वाले बच्चे उच्च शिक्षण संस्थानों में स्थान पा लेते है, ऐसा ही हाल नौकरियों में है। जिससे बच्चों में हीन भावना उत्पन्न हो रहीं है और इसी हीन भावना को समाप्त करने के लिए अशोकनगर सवर्ण समाज एकत्रित हुआ और आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए 30 जुलाई को ज्ञापन सौंपेगा, जिससे की सामान्य वर्ग को आरक्षण मिल सके और सवर्ण समाज के बच्चे देश सेवा कर सके। यह बात रघुवंशी समाज के अध्यक्ष संजय रघुवंशी ने रविवार को वेदांत भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहीं। वहीं उन्होंने सवर्ण समाज को आरक्षण दिये जाने की मांग को सार्थक करने के लिए पहले जिले से शुरूआत करने की बात कहीं। इसके साथ ही इसका व्यापाक प्रचार प्रसार करने के साथ ही प्रदेश में और उसके बाद देश के विभिन्न प्रांतो में आंदोलन के लिए समर्थन जुटाने का बात कहीं। वहीं उन्होंने सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के लिए ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र कठिनाईयो और उसकी समय सीमा पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए।



**हमे किसी के आरक्षण से दिक्कत नहीं, लेकिन हमे भी मिलना चाहिए : शर्मा**

प्रेसवार्ता की शुरूआत करते हुए सकल ब्राहण समाज के अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि आगामी 30 तारीक को सर्वण समाज को आरक्षण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमे किसी के आरक्षण से समस्या नहीं है, लेकिन हमे भी आरक्षण चाहिए, क्योंकि हमारे बच्चे अच्छे नंबर लाने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं हो पाता है। वहीं उन्होंने केंद्रीय विद्यालय की प्रवेश प्रकिया सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि विद्यालय में किसी भी सामान्य वर्ग के बच्चो का सिलेक्शन नहीं हो पाया है, जिसको लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चर्चा करने के साथ ही उन्हें ज्ञापन दिया जाएगा। वहीं प्रेसवार्ता से पूर्व जिले के सामान्य वर्ग के मुख्य लोगों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर मनोज अग्रवाल, अशोक शर्मा, प्रियंकात माथुर, गिरजेश भार्गव, राहुल पंडा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घर से बाहर शौच के लिए गई दिव्यांग नाले में बही, रात में मिला शव

**सभवत: पैर फिसलने से हुई हो घटना**

**दूसरे दिन हो सका मृतका के शव का पीएम**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के रामपुर मुहाल में एक युवती की मौत नाले में बहने के कारण हो गई। परिजनों के अनुसार युवती शौच के लिए शनिवार दोपहर को घर से दूर नाले के पास गई थी, संभवतया नाले में पैर फिसलने से वह जा गिरी एवं दिव्यांग होने के कारण तैर नहीं पाई। जिससे उसकी मौत हो गई। बहादुरपुर पुलिस थाने के एएसआई धर्मेन्द्र पलिया ने बताया कि पुलिस के पास सूचना आई थी कि बीलाखेड़ी ग्राम पंचायत अंतर्गत रामपुर मुहाल गांव में एक युवती नाले में बह गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक परिजनों ने षव को खोज लिया था। मृत युवती का नाम षिवानी पुत्र जगत सिंह यादव उम्र 18 वर्ष है। युवती एक हाथ एवं एक पैर से दिव्यांग भी थी। साथ ही वह बीमार भी रहती थी। वह षनिवार दोपहर को षौच के लिए निकली और वापिस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाष षुरु करने के साथ पुलिस को सूचित किया। षाम को युवती का षव बरामद कर लिया गया था। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

**युवती के घर में शौचालय है कि नहीं, रोजगार सहायक को जानकारी नहीं:**

खास बात है कि मृतक युवती के घर में शौचालय है या नहीं, इस बारे में ग्राम रोजगार सहायक को जानकारी तक नहीं है। रोजगार सहायक प्रतिपाल यादव ने इसकी वजह पूर्व रोजगार सहायक एवं सचिव द्वारा रिकॉर्ड नहीं देना बताया है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व स्थानांतरित होकर वह बीलाखेड़ी ग्राम पंचायत में आए हैं। उन्हे पूर्व के सचिव व सहायक द्वारा पंचायत का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं इस संबंध में स्वच्छत भारत मिशन के विकासखंड समन्वयक सतपाल जाट से संपर्क नहीं हो सका।




# नशा मुक्ति अभियान के तहत टेकरी पर दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** रविवार को श्री हनुमान टेकरी धाम शाढ़ौरा पर भाजपा पूर्व विधायक जज्जपाल सिंह जज्जी ने नशा को लेकर बताया कि नशा हमारे जीवन में शरीर को नष्ट कर देता है और इसको हमेशा दूर रखें इसके बाद थाना प्रभारी रितु चौहान एवं स्टाफ द्वारा नशा के नुकसान को बताया गया। जिसमें एस आई संध्या ने लोगों से अपील की कि आपके आसपास कोई भी यदि नशा करता हो तो अधिक से अधिक उसको जागृत करें और नशा से मुक्त कराये। नशा हमारे जीवन को बर्बाद कर देता है अंत में सभी को शपथ दिलाई गई कि आज के बाद हम किसी नशा को हाथ नहीं लगाएंगे और जो भी हमारे आसपास नशा करते दिखेगा उसको हम बंद करने की हर संभव कोशिश करेंगे, जिसमें गणमन्य नागरिक एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** नगर में आगामी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को भव्य और गरिमामय तरीके से मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें उत्सव की रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव सुरेल ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नगर की आस्था और परंपरा का प्रतीक है, इसलिए इसे भव्य स्वरूप देने के लिए सभी सदस्य मिलकर पूरी जिम्मेदारी निभाएं।



**व्यवस्थाओं को लेकर हुए निर्णय:**

बैठक में आगामी कार्यक्रम के लिए प्रसाद वितरण, शोभायात्रा के लिए घोड़े और बग्गी, ढोल-बैंड दल, फूल-माला सजावट जैसी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इन सभी व्यवस्थाओं के लिए बयाने समिति के समक्ष दिए गए। साथ ही राधा-कृष्ण मंदिर की पुताई का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई।

**प्रचार-प्रसार पर रहेगा जोर:**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उत्सव को सफल बनाने के लिए जनसहयोग अभियान और व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्य आगामी दिनों में प्रारंभ किया जाएगा। नगर के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की जाएगी ताकि जन्मोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जा सके। अंत में समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। आने वाले दिनों में व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाएगी।

### हरियाली तीज पर सखियों को उपहार स्वरूप भेंट किए पौधे

**अशोकनगर।** हरियाली यात्रा को जनांदोलन का रूप देने में नवांकुर सखियों की भूमिका सराहनीय बनाने नवांकुर सखियो ने कलश यात्रा निकाली गई , । प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश भर में मप्र जन अभियान परिषद योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के नेतृत्व में नवांकुर सखी कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाली यात्रा प्रारंभ की गई। विकासखंड ईसागढ़ के महिदपुर सेक्टर 4 के अंतर्गत नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फुटेरा के संयुक्त प्रयास से नवांकुर सखी कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाली महोत्सव के दौरान हरतालिका तीज पर पौधा वितरण ग्राम फुटेरा में आयोजित किया गया। जहां पर पंजीयकृत सखियों को भेंट स्वरूप पौधे वितरित किए गए।

### अखेबर गया युवक नदी में डूबा

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के अखेबर घाट पर एक 20 वर्षीय युवक नदी में डूब गया। जानकारी के मुताबिक रितिक पुत्र कल्ला बैरागी ग्राम तिघरी थाना कचनार का निवासी था। वह रविवार को अपने दो दोस्तों संकेत जैन और भारत यादव के साथ अखेबर गया था। वे पहले मंदिर में दर्शन के लिए गए, जिसके बाद रितिक ने नदी में नहाने की इच्छा व्यक्त की। मंदिर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक बरगद के पास नदी में वह नहाने उतरा। वहां पानी का बहाव नहीं था। तालाब पूरी तरह भर जाने के कारण पानी स्थिर हो गया था और यह भराव मंदिर तक पहुंच गया था। रितिक को तैरना आता था, और वह अकेले ही पानी में नहा रहा था, जबकि उसके दोस्त किनारे पर थे। नहाते समय अचानक वह पानी में डूब गया। जब आवाज लगाने पर वह बाहर नही आया, तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस है।

**तीज- त्यौहार**

**श्री विश्वेश्वर महादेव मंदिर पर सांडा कालोनी की महिला मंडल ने किया कार्यक्रम**

# महिलाओं ने भक्ति और उत्साह के साथ मनाया हरियाली तीज का पर्व

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** हरियाली तीज का पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। यह व्रत विशेष रूप से विवाहित स्त्रियों द्वारा पति की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना से किया जाता है, इसी के चलते रविवार को हरियाली तीज का पर्व ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में विश्वेश्वर महादेव मंदिर समिति सांडा कॉलोनी की महिलाओं के द्वारा अलग ही अंदाज में मनाया गया, हरे कलर की साड़ी पहन, हाथों में हरी हरी चूड़ियां पहन सज धज कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी महिलाएं कोशक महल और इन्द्रा पार्क पहुंची, जहां सभी ने एकजुट होकर हरियाली तीज का त्योहार मनाया। इसके पश्चात सभी को स्वल्पाहार दिया गया।



**सुहागिनों के लिए विशेष पर्व:**

यह व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन वे माता पार्वती की भांति अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। हरे वस्त्र, हरी चूड़ियां, मेहंदी और झूले का विशेष महत्त्व होता है, जो हरियाली और नवजीवन का प्रतीक हैं.